दिनांकः 29.3.08 को माननीय सिंचाई मंत्री जी, उ0प्र0 की अध्यक्षता में सम्पन्न उ0प्र0राज्य बाढ़ नियन्त्रण परिषद् की स्थायी संचालन समिति की 31वीं बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 29.3.08 को उ0प्र0राज्य बाढ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति की 31वीं बैठक मा0सिंचाई मंत्री जी,उ0प्र0 की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्न सदस्यों ने भाग लिया :–

1.	श्री मनजीत सिंह	प्रमुख सचिव,सिंचाई,उ0प्र0शासन,लखनऊ
2.	श्री हरमिन्दर राज सिंह	प्रमुख सचिव,कृषि उ0प्र0शासन,लखनऊ
3.	श्री जितेन्द्र कुमार	सचिव,सिंचाई उ0प्र0शासन लखनऊ
4.	श्री जी0के0टण्डन	राहत आयुक्त/सचिव राजस्व उ0प्र0शासन,लखनऊ
5.	डा0सुधीर सक्सेना	विशेष सचिव,सिंचाई,उ0प्र0शासन,लखनऊ
6.	श्री संजीव कुमार	विशेष सचिव,लो0नि0वि0,उ0प्र0शासन लखनऊ
7.	श्री वी0के0वर्मा	प्रमुख अभियंता,सिं0वि0,उ0प्र0,लखनऊ
8.	श्री जय प्रकाश	प्रमुख अभियंता(परि0एवं नियो0)सिं0वि0उ0प्र0लखनऊ
9.	श्री अतर सिंह	मुख्य अभियंता(पूर्व)सचिव एवं संयोजक,सिंवि0,लखनऊ
10.	श्री रमेश चन्द्र	संयुक्त सचिव,सिंचाई उ0प्र0शासन लखनऊ
11.	श्री वी0पी0अग्रवाल	संयुक्त निर्देशक,नियोजन उ0प्र0शासन लखनऊ
12.	श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव	उप निदेशक प्रतिनिधि कृषि निदेशक कृषि विभाग,उ0प्र0लखनऊ,
13.	श्री के0प्रवीन राव	ओ0एस0डी0वन विभाग,उ0प्र0लखनऊ

प्रमुख अभियंता,सिंचाई विभाग,उ0प्र0 ने बैठक का शुभारम्भ किया। सम्बन्धित क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं एवं अधीक्षण अभियंताओं द्वारा बैठक में परियोजनाओं को प्रस्तुत किया गया। उ0प्र0 राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति द्वारा परियोजनाओं पर निम्न निर्णय लिये गये :–

जलोत्सारण परियोजनायें :–

1 जनपद आजमगढ की मेहनगर तहसील में ड्रेनों की पुनर्स्थापना की परियोजना। लागत रू 17.13 लाख

2 जनपद आजमगढ में विधानसभा क्षेत्र अतरौलिया के अन्तर्गत जल निकासी हेतु ड्रेनों के सेक्शन की पुनर्स्थापना की परियोजना। लागत रू 50.51 लाख

3 जनपद बलिया में सुहेला ताल ड्रेन के पुनरोद्धार की परियोजना। लागत रू 9.26 लाख

क्रम संख्या–1 से 3 तक की परियोजनायें क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजनायें अनुमोदित की गई।

4 जनपद बहराइच में गमगमा नाले की पुनर्स्थापना (ग्राम बलई गाँव से मझगवां, सर्राकलां एवं पड़रिया होते हुए) कार्य की परियोजना। लागत रू 299.650 लाख

क्रम संख्या–4 की परियोजना क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजना इस संशोधन के साथ अनुमोदित की गई कि परियोजना से पुलो का प्राविधान समाप्त कर दिया जाये।

5 जनपद बलरामपुर में सुवांव नाला (कि0मी0 30.00 से 82.00) का निर्माण। लागत रू 3350.90 लाख

क्रम संख्या–5 की परियोजना क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजना इस संशोधन के साथ अनुमोदित की गई कि परियोजना से पुलो का प्राविधान समाप्त कर दिया जाये। परियोजना के क्रियान्वयन से पूर्व इसकी स्वीकृति सक्षम स्तर (गंगा बाढ नियंत्रण आयोग,पटना/योजना आयोग,भारत सरकार) से प्राप्त कर ली जाये।

तटबंध निर्माण

6 जनपद बस्ती में कुआनो नदी के दॉयें तट पर रघुनाथपुर–आसपुर बॉध के निर्माण की परियोजना। लागत रू 402.83 लाख

क्रम संख्या–6 की परियोजना क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजना अनुमोदित की गई।

7 जनपद लखनऊ में गोमती नदी पर निर्मित गांधी सेतु के डाउनस्ट्रीम में दाहिने गाइड बंध से लामार्टीनियर कालेज तक दाहिने किनारे पर भूमि रिक्लेम हेतु तटबंध बनाये जाने की परियोजना। लागत रू 1461.57 लाख

क्रम संख्या–7 की परियोजना क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजना इस शर्त के साथ अनुमोदित की गई कि तटबंध हेतु भूमि की व्यवस्था लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा की जायेगी एवं रिक्लेम होने वाली भूमि को भी लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अध्यापित कर उसका सुनियोजित विकास किया जायेगा। इसके अतिरिक्त परियोजना के क्रियान्वयन से पूर्व इसकी स्वीकृति सक्षम स्तर (गंगा बाढ नियंत्रण आयोग,पटना) से प्राप्त कर ली जायेगी।

8 जनपद श्रावस्ती में राप्ती नदी के बॉयें तट पर परसा डेहरिया–तिलकपुर सीमान्त बॉध के निर्माण की परियोजना। लागत रू 736.24 लाख

9 जनपद श्रावस्ती में राप्ती/पुरानी राप्ती नदी के बॉयें तट पर जनपद मुख्यालय तथा शासकीय भवनों की बाढ से सुरक्षा की परियोजना।
लागत रू 524.87 लाख

क्रम संख्या–8 से 9 तक की परियोजनायें क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजनायें अनुमोदित की गई।

10 जनपद जे0पी0नगर/बिजनौर में गंगा नदी के बॉयें तट पर गॉव शेरपुर से ठेट गॉव तक तटबंध बनाये जाने की परियोजना। लागत रू 2509.00 लाख

क्रम संख्या–10 की परियोजना क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजना अनुमोदित की गई। परियोजना के क्रियान्वयन से पूर्व इसकी स्वीकृति सक्षम स्तर (गंगा बाढ नियंत्रण आयोग,पटना/योजना आयोग,भारत सरकार) से प्राप्त कर ली जाये।

11 जनपद रामपुर में कोसी नदी के बॉयें तट पर स्थित आगापुर मढौली बंध के निर्माण की संशोधित परियोजना। लागत रू 734.63 लाख

क्रम संख्या–11 की परियोजना क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजना अनुमोदित की गई।

<u>तटबंध उच्चीकरण एवं सुदृढीकरण</u>

12 जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के बॉयें तट पर करमेहना बॉध के कि0मी0 0.00 से 5.40 तक उच्चीकरण एवं सुदृढीकरण की परियोजना।
लागत रू 129.75 लाख

13 जनपद बस्ती में घाघरा नदी के बॉयें तट पर गौरा सैफाबाद तटबंध के किमी0 0.00 से 13.40 तक उच्चीकरण एवं सुदृढीकरण की परियोजना। लागत रू 593.55 लाख

14 जनपद बस्ती में घाघरा नदी के बायें तट पर सैफाबाद–कलवारी तटबंध के कि0मी0 0.00 से 2.75 तक उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की परियोजना। लागत रू 114.50 लाख

15 जनपद बस्ती में घाघरा नदी के बॉयें तट पर चॉदपुर गौरा तटबंध के किमी0 0.00

से 1.80 के मध्य उच्चीकरण एवं सुदृढीकरण की परियोजना।
लागत रू 90.05 लाख

16 जनपद बस्ती में घाघरा नदी के बॉयें तट पर काशीपुर दुबौलिया तटबंध के कि0मी0 0.00 से 11.50 तक उच्चीकरण एवं सुदृढीकरण की परियोजना। लागत रू 612.13 लाख

17 जनपद बस्ती में घाघरा नदी के दॉयें तट पर निर्मित कटरिया चॉदपुर तटबंध के किमी0 0.00 से 5.40 के मध्य उच्चीकरण एवं सुदृढीकरण की परियोजना। लागत रू 284.54 लाख

18 जनपद सिद्धार्थनगर में राप्ती नदी के बॉयें तट पर भवारी–गायघाट अजगरा बॉध के किमी0 0.00 से 14.65 तक सुदृढीकरण की परियोजना।
लागत रू 134.92 लाख

19 जनपद सिद्धार्थनगर में राप्ती नदी के बॉयें तट पर नरकटहा–सोनकर बॉध के कि0मी0 0.00 से 2.60 तक उच्चीकरण एवं सुदृढीकरण की परियोजना।
लागत रू 74.37 लाख

20 जनपद सिद्धार्थनगर में राप्ती नदी के बॉयें तट पर नरकटहा शहर सुरक्षा बॉध के किमी0 0.00 से 1.130 तक उच्चीकरण एवं सुदृढीकरण की परियोजना।
लागत रू 30.33 लाख

21 जनपद सिद्धार्थनगर में राप्ती नदी के बॉयें तट पर सोनखर–टेढिया बॉध के कि0मी0 0.00 से 5.80 तक सुदृढीकरण की परियोजना।
लागत रू 37.76 लाख

22 जनपद महराजगंज में राप्ती नदी के बॉयें तट पर स्थित बेलसर–रिगौली बॉध के कि0मी0 0.00 से 10.60 तक उच्चीकरण एवं सुद्रढीकरण की परियोजना। लागत रू 630.91 लाख

23 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर छितौनी बॉध के कि0मी0 6.80 से 14.40 तक उच्चीकरण एवं सुढढीकरण की परियोजना।
लागत रू 666.30 लाख

24 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर ए0पी0 बॉध के कि0मी0 5.75 पर स्थित गैराहा रैम्प के रेनोवेशन की परियोजना।
लागत रू 9.88 लाख

25 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर नरवाजोत बॉध के उच्चीकरण एवं सुदृढीकरण की परियोजना। लागत रू64.38 लाख

26 जनपद गोरखपुर में रामगढ ताल बॉध के किमी0 5.740 पर एक अदद रेगूलेटर का निर्माण एवं कि0मी0 5.270 से 5.395 तक गैप भरने के कार्य की परियोजना।
लागत रू 43.42 लाख

27 जनपद मऊ में घाघरा नदी के दॉयें तट पर महुला गढवल बॉध के कि0मी0 46. 010 से 46.310 के मध्य गैप पूर्ण करने की परियोजना।
लागत रू 12.22 लाख

28 जनपद बिजनौर में बनैली नदी के दॉयें तट पर भूतपुरी बंध के पुनर्स्थापना की परियोजना। लागत रू 192.95 लाख

29 जनपद फर्रूखाबाद के अन्तर्गत कडक्का तटबंध के पुनरोद्धार एवं विस्तार की परियोजना। लागत रू 220.00 लाख

30 जनपद सहारनपुर में यमुना नदी के बॉयें तट पर लखनौती बंध एवं अप्रोच रोड बंध पर ग्राम सनौली से ग्राम कुण्डा कलॉ तक 24.100 किमी0 लम्बी पक्की सडक निर्माण की परियोजना लागत रू 403.16 लाख

क्रम संख्या–12 से 30 तक की परियोजनायें क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजनायें अनुमोदित की गई।

<u>कटाव निरोधक</u>

31 जनपद गोण्डा में सरयू/घाघरा नदी के बॉयें तट पर सकरौर–भिखारीपुर रिंग बॉध के किमी0 18.70 से 19.35 के मध्य कटाव निरोधक कार्य एवं किमी0 21.05 पर रेगुलेटर का निर्माण तथा कि0मी0 22.30 पर कट भरने की परियोजना। लागत रू 510.96 लाख

कम संख्या–31 की परियोजना क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजना अनुमोदित की गई।

32 जनपद गोण्डा में सरयू/घाघरा नदी के बॉयें तट पर सकरौर–भिखारीपुर रिंग बॉध के कि0मी0 13.60 से 15.00 के मध्य कटाव निरोधक कार्य की परियोजना। लागत रू 1268.25 लाख

कम संख्या–32 की परियोजना क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजना अनुमोदित की गई। परियोजना के कियान्वयन से पूर्व इसकी स्वीकृति सक्षम स्तर (गंगा बाढ नियंत्रण आयोग,पटना) से प्राप्त कर ली जाये।

33 जनपद गोण्डा में सरयू/घाघरा नदी के बॉयें तट पर सकरौर–भिखारीपुर तटबंध के किमी0 9.80 से 11.25 तक रिटायर्ड बॉध के निर्माण एवं कटाव निरोधक कार्य की परियोजना। लागत रू 485.01 लाख

34 जनपद सिद्धार्थनगर में बूढी राप्ती नदी के बॉयें तट पर लखनापार–बैदोला बॉध के कि0मी0 24.300 से 24.650 तक ग्राम परसोहिया के निकट कटाव निरोधक कार्य की परियोजना। लागत रू 318.19 लाख

35 जनपद बस्ती में घाघरा नदी के बॉयें तट पर सैफाबाद–कलवारी तटबंध के कि0मी0 0.70 से 1.00 के मध्य सुरक्षा की परियोजना। लागत रू 145.10 लाख

36 जनपद बस्ती में घाघरा नदी के बॉयें तट पर गौरा सैफाबाद तटबंध के किमी0 12. 60 से 13.20 तक सुरक्षा की परियोजना। लागत रू 243.31 लाख

37 जनपद बस्ती में घाघरा नदी के बॉयें तट पर विक्रमजोत–धुसवा तटबंध के कि0मी0 10.925 से 11.300 के मध्य सुरक्षा की परियोजना। लागत रू 446.84 लाख

38 जनपद सिद्धार्थनगर में राप्ती नदी के बॉयें तट पर स्थित भवारी गायघाट अजगरा बॉध के किमी0 6.500 से 7.100 के मध्य सुरक्षा की पुनरीक्षित परियोजना। लागत रू 303.78 लाख

39 जनपद महराजगंज में रोहिन नदी के बॉयें तट पर डोमरा रिंग बॉध के कट एवं कि0मी0 930 से 0.980 तथा कि0मी0 0.650 से 0.750 तक सुरक्षा की परियोजना। लागत रू 122.61 लाख

40 जनपद महराजगंज में रोहिन नदी के बॉयें तट पर जर्दी–डोमरा बॉध के कि0मी0 10. 900, 21.00 तथा 21.25 पर कट के सुरक्षार्थ परियोजना। लागत रू 100.99 लाख

41 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर छितौनी बॉध की सुरक्षा हेतु कि0मी0 7.830, 8.330 तथा 8.650 पर स्पर का निर्माण। लागत रू 504.22 लाख

42 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर छितौनी बॉध के किमी0 10. 037,10.132, 10.450, 10.685, 10.821 10.901,11.200 पर स्थित स्पर के रेस्टोरेशन तथा स्पर कि0मी0 8.148 के अपस्ट्रीम शैंक के एप्रन रेस्टोरेशन की परियोजना। लागत रू 717.69 लाख

43 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर कटाई भरपुरवा तटबंध के कि0मी0 23.820 पर स्थित स्पर के अपस्ट्रीम शैंक चेनेज 90.00 मीटर से 230 मीटर तक स्लोप पिचिंग एवं एप्रन रेस्टोरेशन एवं कटाई भरपुरवा तटबंध के किमी0 23.650 पर स्पर निर्माण की परियोजना।

लागत रु 339.664 लाख

44 जनपद कुशीनगर मे गण्डक नदी के दॉयें तट पर अमवाखास बॉध के किमी0 3.70 एवं 4.50 पर स्पर के निर्माण की परियोजना। लागत रु 543.67 लाख

45 जनपद कुशीनगर मे गण्डक नदी के दॉयें तट पर अमवाखास रिटायर बॉध के किमी0 0.80 एवं 1.60 पर स्पर के निर्माण की परियोजना।
लागत रु 451.88 लाख

46 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर अमवाखास बॉध के किमी0 4.20 पर निर्मित स्पर के एक्सटेंशन की परियोजना। लागत रु 253.80 लाख

47 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर ए0पी0बॉध के कि0मी0 9. 060,9.750 एवं 9.870 पर स्पर के निर्माण की परियोजना।
लागत रु 454.44 लाख

48 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर ए0पी0बॉध के कि0मी0 10.00, 10.165 एवं 10.36 पर स्पर के निर्माण की परियोजना।
लागत रु 492.93 लाख

49 जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दॉयें तट पर ए0पी0बॉध के किमी0 5.90 से 7.32 तक सुरक्षा की परियोजना। लागत रु 546.00 लाख

50 जनपद संतकबीर नगर में घाघरा नदी के बॉयें तट पर रामपुर–मकदूमपुर बॉध के कि0मी0 5.350 से 5.818 के मध्य सुरक्षा की परियोजना।
लागत रु 559.79 लाख

51 जनपद संतकबीरनगर में घाघरा नदी के बॉयें तट पर रामपुर मकदूमपुर बॉध के किमी0 5.896 से 6.300 के मध्य सुरक्षा की परियोजना।
लागत रु 607.62 लाख

52 जनपद मऊ में घाघरा नदी के दॉयें तट पर रसूलपुर इमामुद्दीनपुर टाउन की सुरक्षा की परियोजना। लागत रु 708.70 लाख

53 जनपद बलिया में घाघरा नदी के दॉयें तट पर तुर्तीपार श्रीनगर बॉध के कि0मी0 65. 30, 65.60एवं 65.90 पर स्पर निर्माण की परियोजना।
लागत रु 525.34 लाख

54 जनपद बलिया में घाघरा नदी के दॉयें तट पर तुर्तीपार श्रीनगर बॉध के कि0मी0 67. 50, 67.60एवं 68.00 पर स्पर निर्माण की परियोजना।
लागत रु 503.18 लाख

55 जनपद बलिया में घाघरा नदी के दॉयें तट पर तुर्तीपार श्रीनगर बॉध के कि0मी0 68. 20, 68.60एवं 69.00 पर स्पर निर्माण की परियोजना।
लागत रु 551.18 लाख

56 जनपद बलिया में घाघरा नदी के दॉयें तट पर तुर्तीपार श्रीनगर बॉध के कि0मी0 69. 40, 69.80एवं 70.20 पर स्पर निर्माण की परियोजना।
लागत रु 582.06 लाख

57 जनपद बलिया में गंगा नदी के बॉयें तट पर बलिया–बैरिया तटबंध के किमी0 26. 30 से 26.70 के मध्य सुरक्षा की पुनरीक्षित परियोजना।
लागत रु 695.81 लाख

58 जनपद वाराणसी में वाराणसी शहर मे गंगा नदी के बॉयें तट पर गुरू संतरविदास घाट के निर्माण की परियोजना। लागत रु 364.40 लाख

59 जनपद बाराबंकी में घाघरा नदी के बॉयें तट पर एल्गिन ब्रिज चरसरी तटबंध के किमी0 30.80 से 31.35 तक ग्राम असवा के निकट सुरक्षा की परियोजना।
लागत रु 330.38 लाख

60 जनपद बाराबंकी/गोण्डा में घाघरा नदी के बॉयें तट पर एल्गिन ब्रिज चरसरी तटबंध के किमी0 15.00 से 18.25 तक ग्राम परसावल के निकट सुरक्षा की परियोजना। लागत रु 508.04 लाख

61 जनपद बाराबंकी में घाघरा नदी के बॉयें तट पर एल्गिन ब्रिज चरसरी तटबंध के किमी0 4.00 से 6.00 के मध्य ग्राम पारा के निकट सुरक्षा की परियोजना। लागत रु 744.94 लाख

62 जनपद लखनऊ में गोमती नदी के हार्डिग पुल के अपस्ट्रीम में बॉया तटबंध के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 3.500 तक तटबंध की सुरक्षा हेतु पुनरीक्षित परियोजना। लागत रु 485.75 लाख

63 जनपद बाराबंकी में घाघरा नदी पर अलीनगर रानीमऊ तटबंध के कि0मी0 19.80 से 20.80 तक बाढ सुरक्षा कार्य की परियोजना।
लागत रु 724.81 लाख

64 जनपद बाराबंकी में अलीनगर रानीमऊ तटबॅध के किमी0 1.675, 2.430, 5.515, 17.465, 22.075 एंव 27.150 पर स्थित रेगुलेटरों के डाउनस्ट्रीम एवं अपस्ट्रीम पर स्टोन बोल्डर पिचिंग की परियोजना। लागत रु 316.43 लाख

65 जनपद लखनऊ में गोमती बैराज के डाउनस्ट्रीम गाइड बंधों के सुरक्षात्मक कार्यो की परियोजना। लागत रु 30.33 लाख

66 जनपद शाहजहॉपुर के ग्राम खमरिया के पास गंगा नदी के बॉयें किनारे पर तक स्थित भैसार ढाई घाट अतिरिक्त बॉध की कटाव निरोधक कार्य की परियोजना। लागत रु 748.92 लाख

67 जनपद श्रावस्ती में राप्ती नदी के दॉयें तट पर कलकलवा मार्जिनल बॉध के कि0मी0 9.30 से 9.80 के मध्य कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।
लागत रु 563.87 लाख

68 जनपद बहराइच में चौधरी चरण सिंह सरयू बैराज के अपस्ट्रीम में ग्राम पड़रिया एवं अस्सी–नब्बे के पास सरयू नदी में लूप कटिंग एवं स्पर के निर्माण कार्य की परियोजना। लागत रु 509.337 लाख

क्रम संख्या–33 से 68 तक की परियोजनायें क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजनायें अनुमोदित की गई।

69 जनपद फर्रुखाबाद के अन्तर्गत ग्राम खान आलमपुर आदि गॉवों को गंगा नदी की बाढ से कटान निरोधक कार्य की परियोजना। लागत रु 650.00 लाख

क्रम संख्या–69 की परियोजना क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजना स्थगित की गई।

70 जनपद पीलीभीत में शारदा नदी के बॉयें किनारे पर स्थित ग्राम शास्त्रीनगर,भुरजनिया आदि ग्राम समूह की बाढ से सुरक्षा के अन्तर्गत 12 अदद स्पर के निर्माण की परियोजना। लागत रु 315.40 लाख

71 जनपद बरेली में रामगंगा नदी के बॉयें तट पर ग्राम ऊॅचागॉव,सराय तल्फी व फतेहपुर जोगीठेर आदि ग्रामों की बाढ सुरक्षा की परियोजना।
लागत रु 402.80 लाख

72 जनपद बरेली में दोजौरा नदी के बॉयें किनारे पर ग्राम सिरसा जागीर,चिटोली व मनवरी आदि ग्रामों की बाढ सुरक्षा की परियोजना।लागत रु 308.00 लाख

73 जनपद बरेली में रामगंगा नदी के बॉयें तट पर ग्राम बहजुइया जागीर,एना एवं सरनिया की बाढ सुरक्षा की परियोजना। लागत रु 241.62 लाख

74 जनपद बरेली में रामगंगा नदी के दॉयें तट पर ग्राम जगतपुर, मंझा, फीरोजपुर,बनारा आदि की बाढ सुरक्षा की परियोजना। लागत रु 322.61 लाख

75 जनपद बरेली में देवहा नदी के दॉयें किनारे पर ग्राम बहरजागीर, अमीरनगर, दामोदरपुर एवं नौदिया सालिगराम की बाढ सुरक्षा की परियोजना।
लागत रु 257.11 लाख

76 जनपद बिजनौर में खो नदी के दॉयें किनारे पर ग्राम टाण्डा, मुकरपुरी, ज्योतिहिम्मा, गंगाधरपुर, सिपाहीवाला, नवादा केशों, टाण्डा बरखेडा एवं उमरपुर खादर ग्रामों की बाढ सुरक्षा कार्य की परियोजना।
लागत रू 540.53 लाख

क्रम संख्या–70 से 76 तक की परियोजनायें क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा उक्त परियोजनायें अनुमोदित की गई।

‘‘अन्य महत्वपूर्ण निर्देशः–

1. बाढ नियंत्रण परिषद की पहली बैठक से 29वीं बैठक तक चालू परियोजनायें, जो अभीतक पूर्ण नहीं हुई है,पर अभी रूपये 70 करोड देना अवशेष बताया गया है। यद्यपि परियोजना संख्या–69, जो जनपद फर्रूखाबाद के अन्तर्गत ग्राम खान आलमपुर आदि गॉवो को गंगा नदी से बाढ से कटान निरोधक कार्य में रूपये 15 लाख की धनराशि वर्ष 2002–2003 एवं 2003–2004 में व्यय कर मात्र बोल्डर क्रय कर स्थल पर रखा जाना बताया गया है,की परियोजना स्थगित हो गयी है, परन्तु यह भी एक चालू योजना के रूप में हो सकती है। ऐसी योजनाओं को स्थगित करते हुए समस्त चालू परियोजनाओं की तत्काल समीक्षा कर दिनांक 10.04.2008 तक प्रमुख अभियंता शासन से अपेक्षित धनराशि की मॉग (परियोजनावार) शासन को उपलब्ध करा दें। शासन उक्त मॉग को परीक्षण कर माह अप्रैल में ही उक्त चालू योजनाओं को पूर्ण करने हेतु धनराशि अवमुक्त कर देंगे, ताकि माह जून तक ये समस्त चालू परियोजनायें समय से पूर्ण हो सके।

2. ऐसी परियोजनायें,जो बाढ नियंत्रण परिषद से स्वीकृत है और उन पर अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है,की लागत लगभग रूपये 1350 करोड है। जबकि इस वर्ष आय–व्ययक में कुल प्राविधान रूपये 355 करोड का ही है। स्पष्ट है कि समस्त परियोजनाओं पर कार्य धन की उपलब्धता के अनुसार प्रारम्भ नहीं कराया जा सकता है। निर्देश दिये गये कि धन की उपलब्धता के मद्देनजर प्राथमिकताएं शीघ्र निर्धारित करते हुए प्रारम्भ की जाने वाली परियोजनाओं की सूची बनाकर दिनांक 07.04.2008 तक बना ली जाय।

3. चूँकि वित्तीय वर्ष 2008–2009 के आय–व्ययक में नाबार्ड द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं पर व्यय हेतु रूपये 112.25 करोड का प्राविधान किया गया है,अतः लगभग रूपये 250.00 करोड की बाढ सुरक्षा की परियोजनाओं को वित्त पोषण हेतु नाबार्ड को प्रेषित कर स्वीकृत कराया जाये। नाबार्ड को वित्त पोषण करने हेतु परियोजनाएं तत्काल प्रेषित कर दी जाय, क्योंकि लगभग 03 माह का समय नाबार्ड परियोजनाओं को स्वीकृत करने में लेता है।

   इसी प्रकार केन्द्र पुरोनिधानित फलड मैनेजमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत रू 33 करोड की व्यवस्था व्यय करने हेतु वित्तीय वर्ष

2008–2009 के आय–व्ययक में की गयी है। अतः इस हेतु रूपये 75 करोड की लागत की परियोजनाये केन्द्र सरकार को प्रेषित करते हुए तथा उनका समुचित अनुश्रवण कर स्वीकृत करायी जाये।

4. समिति ने यह भी निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग मुख्य नहर/ शाखा नहर की पटरी एवं तटबंधों पर सडक बनाने हेतु रूपये 20.00 करोड का प्राविधान किया गया है। इस सम्बन्ध में सिंचाई विभाग के अधिकारी,लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर आवश्यकतानुसार सडक बनाने का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध करायें।

5. लाभ लागत अनुपात गणना में एकरूपता रखी जाये। गणना, परियोजना में प्राविधानित कार्यो एवं पूर्व निर्मित कार्यो की लागत तथा परियोजना से प्राप्त वास्तविक लाभ के आधार पर की जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि परियोजना से सुरक्षित होने वाले मकान तथा आबादी आदि के ऑकडे तथ्यात्मक हो,क्योंकि आज प्रस्तुत कई परियोजनाओं में सुरक्षित होने वाले मकान और आबादी के ऑकडे त्रुटिपूर्ण एवं अविश्वसनीय प्रतीत होते है।

6. बाढ परियोजनाओं, जिन पर धनराशि स्वीकृत की जाये,उन पर व्यय तत्काल प्रारम्भ कर दिया जाये और समानुपातिक रूप से धनराशि व्यय करते हुए समय से परियोजनाओं को पूर्ण करने का प्रयास किया जाये, ताकि प्रत्येक वर्ष फरवरी या मार्च के माह में अधिकतक धनराशि के व्यय करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लग सके।

7. चालू परियोजनाओं प्रत्येक दशा में बाढ के समय अथवा वर्षा होने से पूर्व पूर्ण कर ली जाये।

8. आपदा राहत निधि से जनपद गोरखपुर में रूपये 38.00 करोड की धनराशि वापस होने, अवमुक्त धनराशि को समय से व्यय न करने, दिनांक 13.03.2008 तक अधीक्षण अभियंता द्वारा डी0सी0एल0 जारी न करने के सम्बन्ध में रोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित अधीक्षण अभियंता का स्पष्टीकरण प्राप्त कर दोषी अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जाये।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।’’